तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 संभाग आयुक्त ने ग्राम पंचायत अमरताल में किया सुशासन तिहार शिविर का निरीक्षण




## खबर संक्षेप

### मालवाहक में सवारी बैठाने पर ट्रेफिक पुलिस ने की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया की जा रही है। इसी के तहत 10 अप्रैल को थाना जांजगीर क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग किया गया। जिसमें माजदा वाहन चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक वहान में सवारी बैठाकर वाहन चलाने पाए जाने पर चालक के विरूद्ध के धारा एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 14 हजार 8 सौ का समन शुल्क लिया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा, आरक्षक नीतीश विश्वकर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

### केन्द्रीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय व विदेशी छात्रवृत्ति योजना आवेदन 17 तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अनुसूचित जाति, विमुक्त घुमंतू और अर्थ घुमंतू जनजातियां, भूमिहीन, खेतिहर मजदूरी और पारंपरिक कारीगर श्रेणी के कम आय वाले विद्यार्थियों के लिए विदेश में अध्ययन की सुविधा हेतु केन्द्रीय क्षेत्रीय राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति योजना लागू की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थी की शैक्षणिक योग्यता 60 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक उत्तीर्ण आयु 35 वर्ष से कम एवं पालक की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। संबंधित वर्ग के विद्यार्थी जो केन्द्रीय क्षेत्रीय राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेशों में अध्ययनरत करना चाहते है वे 27 अप्रैल तक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

### 16 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सक्ती।** 16 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर और उपा. आब. स. उ. द. बिलासपुर नोहर सिंह ठाकुर व प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन शुक्ला के मार्गदर्शन में 10 अप्रैल को वार्ड नंबर 3 सड़क पारा सुंदरेली थाना नगरदा निवासी राजू खांडे पिता लखन प्रसाद द्वारा बिक्री के लिए 2 जरीकेनो में भरा 10 लीटर, 4 बोतलों में भरा 4 लीटर और 10 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 200 मिली कुल 2 लीटर इस प्रकार कुल 16 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपी को रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया। कार्रवाई में आबकारी वृत्त - सक्ती प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल की टीम में प्रधान आरक्षक रघुनाथ पैकरा, नगर सैनिक राजेश कंवर, वीरेंद्र यादव, बसंती चौधरी और परसराम कहरा का योगदान रहा।

## गर्मी बढ़ने के साथ होती है निस्तारी की समस्या

# नहर से पानी छोड़े हो चुके तीन माह से अधिक, तालाबों को भरने नहीं ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्रीष्म कालिन धान की फसल लगाने के लिए नहर से पानी जनवरी माह में ही छोड दिया गया है। लेकिन इसके बाद भी निस्तारी एवं अन्य कार्यो के लिए तालाबो के भरने को लेकर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। ऐसे में गर्मी बढने के साथ आने वाले दिनो में लोगो को निस्तारी के लिए समस्या हो सकती है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक को मिलाकर 334 ग्राम पंचायते एवं 4सौ से अधिक गांव आते है। इन ग्राम पंचायतो मे ग्रीष्म कालिन धान की फसल लगाने के लिए जहां दायी तट पर 1 जनवरी एवं बायी तट पर 5 जनवरी से पानी छोडा गया है। ताकि किसान धान की फसल लगाने के साथ पानी का सदुपयोग करके उसे तालाबो को भर सके। नहर से पानी को छोडे हुए करीब 3 माह से भी अधिक समय हो चुका है। नहर की धार भी 30 अप्रैल तक चलनी है। इन सबके बावजूद तालाबो को भरने के लिए संबंधित ग्राम पंचायतो के जिम्मेदार प्रतिनिधी ध्यान तक नही दे रहे है। जिसके चलते कई जगहो पर नहर का पानी या तो नालो में व्यर्थ बह रहा है या फिर खाली खेतो में अनावश्क रूप से जा रहा है। जांजगीर चाम्पा जिले में मई एवं जून महीने के दौरान भीषण गर्मी पडती है। वही पानी का लेबल भी काफी नीचे तक चला जाता है। इन सबके बावजूद जिम्मेदार अफसर एवं ग्राम पंचायतो के प्रतिनिधि तालाबों में पानी पहुंचाने को लेकर ध्यान तक नही दे रहे है। कुछ इसी तरह की स्थिति जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत खोक्सा और जोबी गांव के तालाबो में देखने को मिली जहां तालाबो का जल स्तर काफी नीचे चला गया है। वही तालाबो तक पानी पहुंचाने ध्यान तक नही दिया जा रहा है। इसी प्रकार शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुष्मा, कुरियारी, कटौद, मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम भडोरा, मिरौनी, बडे सीपत, छोटे सीपत, बम्हनीडीह क्षेत्र के ग्राम मुडपार, झर्रा सहित अन्य गांवो के तालाबो में देखने को मिल रहा है। जिम्मेदार अफसर एवं प्रतिनिधि तालाबो तक पानी पहुंचाने को लेकर ध्यान नही दे रहे है, यदि समय रहते तालाबो को भरने ध्यान नही दिया गया तो मई एवं जून महीने के दौरान लोगो को निस्तारी की समस्या से जुझना पड़ सकता है।



खोखसा के दर्रीपार स्थित तालाब में कम हुआ जल स्तर

### जल संकट गहराया, पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

**अकलतरा।** नगर के वार्ड नंबर 7 में गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत से परेशान आम जनता की समस्या को देखते हुए वार्ड पार्षद श्रीमती माधुरी पालीवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने वार्ड में बोर कराने की मांग की है ताकि पानी की कमी से निजात दिलाई जा सके। श्रीमती माधुरी पालीवाल ने बताया कि गर्मी के मौसम में वार्ड के निवासियों को पानी की भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका का यह कर्तव्य है कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाए। इस जन समस्या को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से आग्रह किया है कि पालिका की ओर से जल्द से जल्द बोर कराने की व्यवस्था की जाए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा इस संबंध में सकारात्मक पहल करने की बात कही गई है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में मोहल्लेवासियों को पानी के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बोर कराने से काफी हद तक पानी की समस्या से निजात मिल सकती है।।

### शहरी क्षेत्रों में बोर खनन पर लगा प्रतिबंध

ग्रामीण क्षेत्रो में गर्मी के दिनो मे तालाबो तक पानी पहुंचाने पर जोर दिया जाना रहता है। वही दुसरी ओर गर्मी के दिनो में मार्च महीने से लेकर जून माह के बीच शहरी क्षेत्रो में बोर के खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाता है। ताकि शहरी क्षेत्रो में जल स्तर कम ना हो। इन सबके बावजूद यदि किसी तरह के बोर खनन की जानकारी होने पर संबंधित लोगो पर कार्यवाही का भी प्रावधान बनाया गया है। जांजगीर चाम्पा जिले में शहरी क्षेत्र के अंतर्गत 3 नगर पालिका परिषद एवं 8 नगर पंचायत क्षेत्र आते है। जहां बेखौफ रूप से बोर उत्खनन किया जा रहा है। जिससे पानी का लेबल कम हो रहा है।

### जारी किए हैं निर्देश

नहर से पानी छोडा गया है। ग्रामीण क्षेत्रो मे निस्तारी के लिए तालाबो को भरने के लिए संबंधित लोगो से कहा गया है। प्रतिबंध के बावजूद अवैध तरीके से बोर खनन करने पर कार्यवाही का भी प्रावधान है।

-शशांक सिंह,
ईई, सिंचाई विभाग जांजगीर

# 11 केवी तार के शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 3 लाख का कपड़ा जलकर खाक

## चांपा शहर के कोरवा पारा में हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

पदमिनी अनुपम टॉकीज के पास स्थित एक टेलरिंग दुकान में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि घटना सुबह करीब 9 बजे हुई जब ट्रांसफार्मर से जुड़े 11 केवी हाई वोल्टेज तार टूटकर नीचे गिर गए और सीधे दुकान के शटर से संपर्क में आ गए, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। आगजनी की इस घटना में दुकान संचालक को 3 लाख रुपए का नुकसान पहुंचा है। मामला चांपा शहर के कोरवापारा का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांपा शहर के कोरवा रोड में संचालित मनीष लेडिस टेल डिज़ाइन्स नामक टेलरिंग दुकान का संचानल नवल बरेठ करता है। श्री बरेठ ने बताया कि आग की चपेट में आकर लगभग 70 से 80 ग्राहकों के कीमती कपड़े जलकर राख हो गए। इनमें अधिकांश वस्त्र विवाह समारोहों के लिए तैयार किए जा रहे थे। साथ ही दुकान का फॉल सीलिंग और दो पंखे भी पूरी तरह से नष्ट हो गए। पीड़ित दुकानदार का कहना है कि इस हादसे में लगभग तीन लाख रुपये की हानि हुई है। दुकान संचालक का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते आगजनी हुई है।



टेलरिंग दुकान में लगी आग।

## असामाजिक तत्वों ने सूने घर में लगाई आग, लाखों का नुकसान

अकलतरा। नगर के वार्ड क्रमांक 19 में निवास रथ लीला राम साहू के सूने घर में बीती रात सामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा दी गई जिसके चलते घर के सभी आवश्यक सामान जलकर खाक हो गए।

वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद पिंटू बरेठ ने बताया कि गुरूवार 10 अप्रैल की बुसुबह 7:30 बजे उन्हें वार्ड वासियों का फोन आया कि लीलाराम साहू का घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। घटना की सूचना पिंटू बरेठ द्वारा पुलिस थाने मे दिए जाने पर पुलिस द्वारा मौके का निरीक्षण कर मामले को विवेचना में लिया गया है। रात 3:45 बजे पड़ोसियों को लीलाराम साहू के घर में आग की लपटे दिखाई दी, तब पड़ोसियों के द्वारा रात में ही अपने-अपने घरों से बाल्टी एवं अन्य बर्तनों से पानी डालकर आग को बुझाया गया। लीलाराम साहू के बेटे चांद साहू ने बताया कि चोरों के द्वारा घर में आग लगाने से पहले घर का राशन, पंखा ,मोटर सहित लाखों रुपए के सामानों की चोरी भी की गई है। पार्षद पिंटू बैरेठ ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वार्ड नंबर 19 में अवैध शराब विक्रय होने के चलते वार्ड में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। वार्ड में अवैध शराब बिक्री की सूचना आबकारी विभाग के अधिकारियों को भी दी गई है लेकिन उनके द्वारा कभी भी अवैध शराब बेचने वालों के ऊपर कारवाई नहीं की जाती है। जिसके चलते इस प्रकार की एवं अन्य अपराधी घटनाएं घटित होते रहती है।



## पुलिस ने दी दबिश, आईपीएल मैच में सट्टा खेलते एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आईपीएल मैच में सट्टा खिलाने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से मोबाइल फोन को जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आईपीएल मैच सट्टा चलने की सूचना मुखबिर के माध्यम से मिल रही थी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव के मार्गदर्शन में सक्ती एसडीओपी के नेतृत्व में क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात कर सूचना संकलन किया जा रहा है। 9 अप्रैल को सूचना मिली कि टैटू टाईम दुकान में आईपीएल मैच में गुजरात एवं राजस्थान के मध्य मैच चल रहा था। जिससे मोबाईल के माध्यम से आनलाईन रूपये पैसे का दाव लगाकर जुआ व सट्टा खेलने की जानकारी मिली। सूचना पर मुखबिर पंचनामा तैयार कर हमराह स्टाफ एवं गवाह के साथ मुखबीर के बताये स्थान नवधा चौक सक्ती में संचालित टैटू टाईम पर दबिश दी। पूछताछ करने पर अपना नाम प्रहलाद जांगडे पिता स्व. केशव जांगडे उम्र 24 साल निवासी वार्ड नंबर 14 गंज पीछे खरसिया थाना खरसिया जिला रायगढ का होना तथा इस्ट्राग्राम से ऑनलाईन सट्टा व जुआ खेलना बताया गया। गुजरात और राजस्थान के मैचों में 1000 रूपये राजस्थान के जीतने पर सट्टा लगान पाया गया। एप्स में बचत रकम 1007.84 रूपये होना पाया गया। आरोपी के पेश करने पर घटना में प्रयुक्त एक नग मोबाईल कीमत 20 हजार रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का अपराध घटित करना पाये जाने गिरफ्तार किया गया है।



### बाराती कार ने बाइक को मारी टक्कर

**तुस्मा।** धार्मिक नगरी शिवरी नारायण से सटे ग्राम तुस्मा में रात्रि में टुंड्रा ग्राम से उक्त घर में बारात आए हुए थे। वेगानार कार चालक राम धन साहू निवासी टुंड्रा द्वारा शराब की धुत में दो मोटर गाड़ी को जमकर ठोकर मार दी वही एक मोटर गाड़ी नाली में जा गिरा तो वही दूसरा मोटर गाड़ी वेगानार कार की नीचे हिस्से में जा फंसा। उपस्थित ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सुचना शिवरीनारायण थाना प्रभारी को दी थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने मौके पर ही अपनी दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच ग्रामीणों को समझाइश दी। तब कही जाकर मामला शांत हुआ। तत्पश्चात कार की नीचे हिस्से में फंसे मोटर गाड़ी को बड़ी मुश्किल से बल्ली और ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। वाहन क्रमांक सीजी 22 एच 8783 के कार चालक ने नशे की धुत में कार चला रहे थे। चालक घटना घटते ही कार चालक मौके पर ही फरार हो गए। हालांकि इस घटना से कोई जन हानि नहीं हुई है। इधर ग्रामीणों ने बताया कि वाहन चालक रामधन साहू शराब पीए हुए थे और वाहन को जैसे पा रहे थे। वैसे चला रहे थे। बड़ी मुश्किल से लोगो की जान बच पाई।

## अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो ने सुनाया फैसला

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लिफ्ट देने के बहाने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 10 साल का कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो अनिल कुमार बारा ने सुनाया है।

लोक अभियोजक चंद्रप्रताप सिंह से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने 10 अक्टूबर 2024 को थाना अकलतरा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि पीड़िता की मछली दुकान में काम करने वाला जगदीश केंवट पीडिता के घर आना जाना करता था। पीडिता से बातचीत करता था और मोबाईल से भी बात करता था। करीब 4-5 माह पूर्व पीडिता अपने मामा गांव दर्रीघाट चली गयी थी। वहीं रहती थी और अपनी नानी के मोबाईल से आरोपी जगदीश से बातचीत करती थी। इसी दौरान 9 अक्टूबर को सुबह 11 बजे जगदीश ने पीडिता को फोन किया और पीडिता को बोला कि तुमसे शादी करना चाहता हूं तथा अपनी पत्नी बनाना चाहता हूं कहकर पीडिता को टोल प्लाजा के पास बुलाया और वहां से पीडिता को लिफ्ट के सहारे कोटमीसोनार कोकोडायल पार्क लेकर गया और झाड़ी के पास ले जाकर पीडिता के साथ दुष्कर्म किया। उसके पश्चात दिनांक 10 अक्टूबर को पीडिता को अकलतरा मण्डी के पास लेकर आया और प्रार्थिया के घर के पास छोड़कर चला गया। पीडिता ने घटना की जानकारी अपने माता पिता को दी। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान पीडिता की सहमति प्राप्त कर उसका चिकित्सीय मुलाहिजा करवाया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पामगढ़ द्वारा पीडिता का धारा 164 द.प्र.सं. के अंतर्गत कथन लेखबद्ध किया गया। अपराध विवरण फार्म एवं घटना स्थल का नजरी नक्शा तैयार किया गया तथा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस प्रकार संपूर्ण अभियोजन साक्षियों का कथन लेने के उपरांत अनिल कुमार बारा अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो), जांजगीर द्वारा आरोपी जगदीश केंवट पिता जोहन केंवट उम्र 19 वर्ष को बी.एन.एस. की धारा 64 (1) के अपराध के लिए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 सौ के अर्थदण्ड तथा पाक्सो एक्ट की धारा 4 के अपराध के लिए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 सौ रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने की दशा में अभियुक्त जगदीश केंवट को पृथक से 1 माह के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगताये जाने का आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से चंद्र प्रताप सिंह विशेष अभियोजक (प्राक्सो) जांजगीर ने पैरवी की।






खबर संक्षेप

## भारतीय जनता पाटी का सक्रिय सदस्यों का हुआ सम्मेलन



**सक्ती।** अड़भार मंडल के ग्राम पंचायत सोनादुला मे भारतीय जनता पाटी का सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन हुआ। मुख्य वक्त वरिष्ठ भाजपा नेता राम अवतार अग्रवाल ने भाजपा स्थापना दिवस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना के बारे में विस्तार से बताया। साथ में राम नरेश यादव, आदित्य अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष जीतेन्द्र गबेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, चंद्र कुमार चंद्रा,सरपंच, जनपद सदस्य एव सक्रिय सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सीताराम राधेश्याम नाम संकीर्तन जप एवं हनुमान जन्मोत्सव 12 को

**देवरी - सारागांव।** नगर के माहौल को भक्ति मय बनाने नगर के श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति के तत्वाधान में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व नगर के ठाकुर देव मोहल्ला स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में एक दिवसीय 24 घंटे का सीताराम राधेश्याम नाम संकीर्तन जप का आयोजन रखा गया है। सीताराम राधेश्याम नाम संकीर्तन जाप का आयोजन दिन शुक्रवार को साम 5 बजे प्रारंभ होकर शनिवार को साम तक महाआरती के बाद समाप्त होगा। महाआरती पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं इस अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा एवं सुंदर कांड पाठ का आयोजन भी रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने उमेश दुबे,देव कुमार आदित्य, श्रावण राठौर, कृष्णधार राठौर, जीतू अग्रवाल,बाबूलाल यादव, धनेश्वर देवांगन, बली राठौर, भूपेंद्र पांडे, धीरज पांडे, गोलू केसरवानी, कैलाश केसरवानी, हरीश राठौर,सुरेश पांडे, मोटू यादव, इंद्रजीत, गोविंदनारायण राठौर, कृष्ण कुमार, गुप्ता प्रमोद केशरवानी सहित समिति के अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

## बिर्रा में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बिर्रा।** बिर्रा में पहली बार फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ दुधिया रौशनी में दशहरा मैदान में हुआ । इस महासंग्राम में विजेता टीम को 60001 रूपए एवं ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 30001 रूपए व ट्राफी मैन ऑफ द सीरीज रेंजर सायकिल दिया जाएगा। प्रतियोगिता में 32 टीमों के बीच महामुकाबला होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ के मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि एकादशिया साहू, रितेश रमण सिंह छोटू बाबा जनपद सदस्य,चेतन बाबा राजमहल बिर्रा, जितेन्द्र तिवारी, कृष्णा साहू, रामकुमार धीवर,पप्पू भांचा, छोटेलाल केंवट, राधे केशरवानी, कमला प्रसाद,पवन देवांगन,प्रकाश देवांगन,बलराम कश्यप व पंच प्रतिनिधियों द्वारा पूजा-अर्चना और रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच सोंठी और डभरा के मध्य खेला गया। प्रतियोगिता का संचालन व कामेंट्री जितेन्द्र तिवारी, कृष्णा साहू, प्रदीप कुमार साहू,सम्मेलाल यादव, रमेश साहू, स्कोरिंग लोकेंद्र कश्यप और शशि यादव ने किया। आयोजन को लेकर अमित, मन्ना ,रियाज़, रेहान, सागर कर्ष केंडो विनोद , लोकेश कुमार कश्यप,नीरज कश्यप, पिंकू साहू, दिलीप महंत सहित आयोजक जुटे हुए हैं।

## साहू समाज युवा प्रकोष्ठ संभाग बिलासपुर के उपाध्यक्ष बने आकाश

**बेल्हाडीह-जेठा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, अखिल भारतीय



तैलिय साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सिंह साहू एवं युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ बिलासपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारी की नियुक्ति युवा प्रकोष्ठ बिलासपुर संभाग के अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू द्वारा किया गया। जिसमें शक्ति जिला से परिक्षेत्र अध्यक्ष साहू समाज लवसरा क़े आकाश साहू को उनके कार्यशैली सामाजिक जागरूकता एवं समाज सेवा क़े कार्य को देखते हुए साहू समाज युवा प्रकोष्ठ संभाग बिलासपुर के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया गया। इस दाइत्व क़े अतिरिक्त भी आकाश साहू केसरिया हिंदुस्तान निर्माण संघ छत्तीसगढ़ क़े महासचिव, अटल सेना जिला सक्ती के जिलाध्यक्ष होने क़े साथ एच. आर. जी. स्मृति हायर सेकेंडरी स्कूल लवसरा क़े संचालक भी है।

रथ में विराजमान भगवान महावीर की मंगल आरती कर प्राप्त किया आशीर्वाद

# महावीर जयंती के अवसर पर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य समता सागर महराज, पवित्र सागर महराज, ऐलक निश्चय सागर महाराज, निजानंद सागर महाराज एवं छुल्लक संयम सागर महराज के सानिध्य में जैन समाज द्वारा जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर की जन्म जयंती गुरुवार 10 अप्रैल को धूमधाम से मनाई गई।

सुबह 7 बजकर 30 मिनट में मुनि श्री के ससंघ मंगल सानिध्य में भगवान महावीर को रथ में विराजमान करके जैन मंदिर से गाजे बाजे के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रेलवे फाटक, बजरंग चौक शास्त्री चौक, पोस्ट ऑफिस मार्ग, आजाद चौक , अंबेडकर चौक, ब्लॉक ऑफिस मार्ग होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। भगवान महावीर की जय हो के नारों से नगर गूंज उठा। शोभायात्रा के दौरान जैन समाज के लोगों द्वारा अपने-अपने घरों एवं दुकानों के सामने रथ में विराजमान भगवान महावीर की मंगल आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर भगवान महावीर की प्रतिमा पर शांति धारा करने का सौभाग्य अयन जैन, शशांक जैन, राजकुमार जैन, हिमांशु जैन, मदन जैन, हनी जैन, लक्ष्मीकांत जैन, सजल जैन, शरद जैन, प्रखर जैन, रमेश जैन मोनू जैन परिवार को प्राप्त हुआ, ललितपुर से आए बाल ब्रह्मचारी मनोज भैया के मंगल सानिध्य में जैन समाज के लोगों द्वारा भगवान महावीर की संगीत की धुन के साथ पूजा अर्चना की गई। महावीर जयंती के अवसर पर शाम 7 बजे जैन मंदिर में भगवान महावीर की मंगल आरती करने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन, उपाध्यक्ष श्रीजीत जैन, विमल जैन, सचिव रूपेश जैन, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन , राजेंद्र जैन, विजय जैन, प्रकाश जैन, प्रफुल्ल जैन , सुरेश जैन, वीरेंद्र जैन ,पंकज दोशी, सत्येंद्र जैन, सुनील जैन, रमेश जैन, अभय जैन, सुशील जैन, राजकुमार जैन शरद जैन, राकेश जैन, संजय जैन , राजू जैन, दीपक जैन, रितेश जैन, आशीष जैन, नितिन जैन , सौरभ जैन एवं जैन समाज के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए समता सागर महराज ने कहा कि भगवान महावीर ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए मानव सेवा का कल्याण करने के साथ विश्व में शांति स्थापित करने का कार्य किया।



शोभायात्रा में शामिल लोगों का अभिनंदन करते विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह।

### विधायक ने शोभायात्रा का स्वागत कर मुनियों से प्राप्त किया आशीर्वाद

**अकलतरा।** अकलतरा जैन समाज द्वारा जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा विधायक निवास के पास शोभायात्रा में शामिल लोगों का अभिनंदन करते हुए शोभायात्रा में शामिल मुनियों से आशीर्वाद प्राप्त किया गया। राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहां की जैन समाज का मूल वाक्य अहिंसा परमो धर्म है जो सृष्टि में समस्त जीवों के प्रति प्रेम ,करुणा एवं सह अस्तित्व की भावना को जागृत करता है। भगवान महावीर की शिक्षाएं वर्तमान में अत्यधिक प्रासंगिक है एवं उनके दिखाएं मार्ग पर चलकर हम सभी को अपने जीवन के कल्याण के लिए प्रयास रत होना चाहिए।



बैठक में उपस्थित राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

## राजस्व अधिकारी भू-अर्जन की कंडिकाओं का पूरी गंभीरता से करें पालन : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

■ कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक के पश्चात समस्त राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली तथा राजस्व अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार भू-अर्जन की कंडिकाओ का पूरी गंभीरता और सतर्कता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर द्वारा राजस्व सचिव से प्राप्त निर्देशों के बारे में सभी राजस्व अधिकारियों को अवगत कराया गया और प्राप्त निर्देशों का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार तथा राजस्व विभाग के नियमों के अनुसार भू-अर्जन के मामलों का भू-अर्जन की कंडिकाओं के अधीन नियमों का ध्यान रखते हुए पूरी सतर्कता से कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य के लिए भू अर्जन के प्रकरणों के विषय पर चर्चा करते हुवे सक्ती एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कलेक्टर श्री तोपनो ने तहसीलवार निराकृत प्रकरण, लंबित प्रकरण, समय सीमा के बाहर के प्रकरण, समय सीमा के भीतर के प्रकरण सहित अन्य विभिन्न राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का तेजी से तथा उचित रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए है। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

## दस दिवसीय शतरंज समर कैंप का हुआ समापन

**जांजगीर-चांपा।** कृष्णा विहार कॉलोनी घुठिया में किड्स प्रमोट चेस एकेडमी एवं जिला शतरंज संघ जांजगीर चांपा के संयुक्त तत्वाधान में 29 मार्च से 7 अप्रैल तक दस दिवसीय शतरंज का समर कैंप आयोजित किया गया। 7 अप्रैल को इसका समापन हुआ। इस कार्यक्रम में बच्चों ने भाग लेकर शतरंज के नियम, रणनीति और बारीक तकनीकों का अभ्यास किया।जिले के अनुभवी प्रशिक्षक देवेंद यादव, श्रीमती जयंती यादव द्वारा शतरंज के ओपनिंग, मिडिल गेम, एंडगेम तथा चेक-मेट की तकनीकों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही समय समय पर जिला शतरंज संघ अध्यक्ष देवेन्द्र राठौर एवं सदस्य श्री गिरधर गोपाल का मार्गदर्शन मिलता रहा। समापन अवसर पर आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शशि राठौर एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती कृष्णा यादव की उपस्थिति ने बच्चों का मनोबल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शह और मात के खेल में बच्चे हुए दक्षसमर कैंप के दौरान बच्चों ने न केवल खेल के नियमों को समझा, बल्कि शतरंज की बारीकियों में भी दक्षता हासिल की। यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में एक मील का पत्थर साबित हुआ, जिसने उनके आत्मविश्वास, रणनीतिक सोच और मानसिक संतुलन को नई दिशा प्रदान की। किड्स प्रमोट चेस एकेडमी के आयोजक श्रीमती जयंती यादव ने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा ताकि और अधिक बच्चों को शतरंज के माध्यम से मानसिक विकास के अवसर मिल सकें।

# कांसा में राम सप्ताह का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

■ भगवान राम के जीवन की झलकियांकी जा रही प्रस्तुत

ग्राम कांसा में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव की अनूठी छटा देखने को मिल रही है, जहां पूरे हर्षोल्लास के साथ राम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ग्रामवासियों की पहल और सहयोग से संपन्न हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। राम सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को विधिवत पूजन एवं कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सिर पर कलश लेकर गांव की गलियों में भव्य शोभायात्रा निकाली। इसके पश्चात रामचरितमानस का अखंड पाठ आरंभ हुआ, जो पूरे सप्ताह चलेगा। ग्रामवासियों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी इस आयोजन को और भी खास बना रही है। गांव के छोटे बच्चों द्वारा तैयार की गई झांकियां– जिसमें श्रीराम के जीवन की झलकियां प्रस्तुत की जा रही हैं – दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम का समापन प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण एवं विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। ग्राम कांसा के इस आयोजन ने न केवल धार्मिक वातावरण को सशक्त किया है, बल्कि सामाजिक एकता, सद्भावना और सांस्कृतिक विरासत को भी एक नई ऊर्जा दी है।




पूजा-अर्चना करते ग्रामीण।

## महंगाई के विरोध में सड़क पर उतरे युवा कांग्रेसी, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

केन्द्र सरकार द्वारा रसोई गैस के दामों में 50 रूपये प्रति सिलेण्डर वृद्धि किये जाने के विरोध करते हुए बढ़ी हुई दाम को तत्काल वापस लेने की मांग को लेकर गुरुवार 10 अप्रैल को जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा के संयोजकत्व युकांईयों एवं कांग्रेसियों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान सैकड़ों की तादात में उपस्थित कांग्रेसजन एवं युवा कांग्रेसियों ने घरेलू गैस सिलेण्डर की अर्थी के साथ प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री का फोटो लगाकर नगर के कचहरी चौक से चलकर अंबेडकर प्रतिमा स्थल होते हुए कचहरी चौक में गोपाल धीवर द्वारा मुण्ड कराकर पिण्ड दान पंडित त्रियुगी महाराज के मंत्रोच्चार के साथ अग्नि के हवाले कर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने केन्द्र एवं राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज जब विश्व में कच्चे तेल की कीमत अपने सबसे निम्नतम 42 डॉलर प्रति बैरल होने के बावजूद रसोई गैस के दाम में 50 रूपये की वृद्धि कर मंहगाई की मार झेल रहे लोगों के घाव में नमक छिड़कने के अलावा कुछ नहीं है। हर आम चुनाव में प्रधानमंत्री और भाजपा के नेताओं द्वारा मंहगाई कम कर रसोई गैस 500 रूपये में देने की गारंटी दी जाती है लेकिन सत्ता पर काबिज होते ही अपनी गारंटी और वादे को दरकिनार कर हिन्दू-मुस्लिम मुद्दे को आगे कर आम जनता से जुड़ी समस्याओं से ध्यान भटकाने का काम कर रही है । इस दौरान उन्होंने सरकार से विपरीत परिस्थिति में जूझ रहे आम लोगों को राहत देने और एलपीजी गैस के दाम कम करने की मांग की। इस अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप, वरिष्ठ इंका नेता दिनेश शर्मा, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार, उपाध्यक्षद्वय विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्दिकी, महामंत्री शिशिर द्विवेदी व अजीत सिंह राणा, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, जिला युवा कांग्रेस के विधासभा अध्यक्ष पंकज शुक्ला, पार्षद विष्णु यादव, श्रीमती रक्षा सिंह, रेखा सोनवान, देवराज सिंह चंदेल, अरमान खान, जगदीश्वरी सूर्यवंशी, मनोरमा पाटेकर, मुस्कान परवीन, वर्षा सिंह राजपुत, धीरज सिंह बैस, चन्द्र प्रकाश ओग्रे, भोलू यादव, रफीक खान, रामकुमार यादव, एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश तिवारी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे ।




महंगाई के विरोध में प्रदर्शन करते युवा कांग्रेसी एवं कांग्रेस नेता।

## रामनवमीं पर कोटमीसोनार में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**अकलतरा।** विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल इकाई कोटमी सोनार द्वारा रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा एंव बाइक रैली का आयोजन किया गया। श्रीरामजानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर बाइक रैली प्रारम्भ किया गया ।बाइक रैली डबरा मंदिर से मझोतपारा, भाठापारा, बजरंग चौक स्टेशन पारा, श्रीराम चौक ,गोड़पारा, कुम्हार पारा,बाजारपारा, रहसबेड़ा, सोनार पारा होते हुए वापस डबरा मठ पहुची। श्रीराम जी जीवंत झांकी भव्य शोभायात्रा के साथ शुभम काम्प्लेक्स से निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह श्रीरामभक्तो द्वारा आरती कर स्वागत किया गया। इसके साथ ही गांव जोगिया मंदिर श्रीराम जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संयोजक महंत सर्वेश्वर दास महराज ने कहा कि श्रीरामजन्मोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाना चाहिए ।हिन्दू समाज आज संगठित होकर समाजिक समरसता का अलख जगा रहे है।अकलतरा थाना प्रभारी मणिकांत पांडेय अपने सदलबल के साथ व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलाता मिरी, आनंद प्रकाश मिरी, जिला पंचायत सदस्य महादेव नेताम,जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुन देव अघरिया,भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन यादव,प्रेमसागर कश्यप,जनपद सदस्य मन्नू पटेल, गोमती कंवर, सुबोध थवाईत,बजरंगदल जिला संयोजक राकेश शर्मा, ऋतुपर्ण सिंह,सुरेंद्र दुबे,नूतन थवाईत,शशिकांत सोनी,दिलीप सोनी, ललित सोनी ,शुभम सोनी,प्रिंसराज यादव,सूरज कैवर्त ,प्रकाश कैवर्त,रवि निर्मलकर,कृष्णा यादव,नरेंद्र केंवट, आनंदराम केंवट, टेकराम शुक्ला,महेश्वर शुक्ला उपस्थित थे।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रत्नमंजरी पाण्डेय पति श्री हलधर पाण्डेय को हसदेव विहार कालोनी, जांजगीर जिला-जांजगीर (छ.ग.), सामान्य आवास योजनांतर्गत जांजगीर में भवन/ भूखण्ड क्र. ATAL AWAS No.-69 छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के आबंटन आदेश क्रमांक 1562 दिनांक 18.07.2008 के द्वारा आबंटित किया गया है तथा जिसका आधिपत्य आदेश दिनांक 22.07.2011 के द्वारा आधिपत्य दिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन को श्री विजय कुमार चंद्रा पिता स्व.श्री धनीराम चंद्रा पता- LIG 32 रवि शंकर शुक्ला नगर कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.), को विक्रय किया गया है। उक्त भवन को श्री विजय कुमार चंद्रा द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भवन के नामांतरण में यदि किसी व्यक्ति, शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था या अन्य को कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि समाप्ति पश्चात कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र-सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 83/ब-121/2024-2025
ग्राम- तुस्मा तहसील-शिवरीनारायण

आवेदक अमर उम्र 32 वर्ष पिता स्व. श्री भूपेन्द्र कुमार जाति सतनामी निवासी ग्राम तुस्मा तहसील व थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **एवं** आवेदिका संध्या उम्र 21 वर्ष पिता श्री छतराम जाति केंवट निवासी ग्राम तुस्मा तहसील व थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम तुस्मा तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अमर उम्र 32 वर्ष पिता स्व. श्री भूपेन्द्र कुमार जाति सतनामी निवासी ग्राम तुस्मा तहसील व थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका संध्या उम्र 21 वर्ष पिता श्री छतराम जाति केंवट निवासी ग्राम तुस्मा तहसील व थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 21/05/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06/03/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जिला जांजगीर-चाम्पा गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यु. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

10-APRIL- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/10/2025 7:40 PM Page 1



# कितना रहेगा 'जाट' का फर्स्ट डे कलेक्शन! सनी देओल तोड़ेंगे 'गदर-2' का रिकॉर्ड?

*सनी देओल अभी अपनी अपकमिंग फिल्म 'जाट' को लेकर सुर्खियों में हैं। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' के बाद रिलीज हुए 'जाट' के ट्रेलर को काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला था और अब देखना यह है कि 10 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हो रही उनकी फिल्म को कैसी ओपनिंग मिलती है। काफी वक्त बाद सनी देओल ने फिल्म 'गदर-2' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाकेदार वापसी की थी, फिल्म की कमाई ने कई रिकॉर्ड तोड़े और अब देखना यह है कि क्या 'जाट' उनकी पिछली फिल्म का रिकॉर्ड तोड़ पाएगी।*

**मुंबई।** दमदार म्यूजिक और साउथ वाले फील के साथ सनी देओल की फिल्म 'जाट' में रणदीप हुड्डा बतौर विलेन नजर आएंगे, लेकिन साथ ही विनीत कुमार सिंह की दमदार अदाकारी का जादू भी फैंस को देखने मिलेगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि फिल्म का ओपनिंग डे कलेक्शन कितना रहने वाला है। तो बता दें कि 'गदर-2' का फर्स्ट डे कलेक्शन 40 करोड़ 10 लाख रुपये रहा था। लेकिन उस फिल्म को इतनी बड़ी ओपनिंग पाने में कई फैक्टर्स ने काम किया था, जिसमें लंबे वक्त से इस फिल्म के दूसरे पार्ट का इंतजार भी मुख्य था।



## पहले दिन 10 से 12 करोड़ कमाने की उम्मीद

बात करें गोपीचंद के निर्देशन में बनी फिल्म 'जाट' के ओपनिंग डे कलेक्शन की तो ट्रेड विशेषज्ञों का अनुमान है कि फिल्म पहले दिन 10 से 12 करोड़ के बीच कमा लेगी। जहां तक एडवांस बुकिंग का सवाल है तो 'सिकंदर' के फ्लॉप होने के बाद अभी तक फैंस इस तरफ आकर्षित हो रहे हैं और अगर एडवांस बुकिंग का क्रेज बढ़ा तो फिल्म का फर्स्ट डे कलेक्शन 15 करोड़ रुपये तक भी जा सकता है। हालांकि, यह गदर-2 की तुलना में बहुत कम होगा, लेकिन गौर करने की बात यह है कि फिल्म 'जाट' को बनाने में सिर्फ 100 करोड़ रुपए की लागत आई है। ऐसे में अगर धीरे-धीरे ही सनी देओल और रणदीप हुड्डा की फिल्म यह आंकड़ा छू लेती है तो भी मेकर्स प्रॉफिट में रहेंगे। हालांकि फिल्म का पहला दिन यह तय करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा कि फिल्म को आगे कैसा रिस्पॉन्स मिलता है।

## 22 सीन्स पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची 'भारत' को इस शब्द से किया रिप्लेस

सनी देओल की फिल्म 'जाट'10 अप्रैल के दिन सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। 'जाट की रिलीज से एक दिन पहले सेंसर बोर्ड ने फिल्म पर कैंची चलाई है। सेंसर बोर्ड ने 22 कट्स लगाए हैं। इतना ही नहीं, कई शब्दों को भी सेंसर किया है। दिलचस्प बात ये है कि उन्होंने 'भारत' को भी दूसरे शब्द से रिप्लेस किया है।

### इन सीन्स को किया रिप्लेस

गला काटने वाले दो सीन, अंगूठा काटने वाला सीन, सिर कटने और बर्फ के टुकड़े पर खून से लथपथ सिर के गिरने वाला सीन, चर्च में ईसा मसीह की मूर्ति वाला सीन, एक बच्चे के साथ गलत बर्ताव वाला सीन, भीड़ के पैरों के नीचे इंडियन करंसी वाला सीन, लड़ाई के दौरान किरदार के माथे पर राष्ट्रीय प्रतीक के दिखने वाला सीन।

### इन शब्दों को किया रिप्लेस

- एक सीन में 'भारत' को 'हमारा'शब्द से रिप्लेस किया।
- 'मादरजात' शब्द को रिप्लेस किया।
- 'सेंट्रल' को 'लोकल' शब्द से रिप्लेस किया।
- अपशब्दों को हटाकर 'निकम्मा' और 'बेशर्मों' किया।
- एक डायलॉग को 'खाता नहीं, पीता नहीं' से बदला गया है।

महिला पुलिस इंस्पेक्टर और पुरुष इंस्पेक्टर से छेड़छाड़ वाले सीन का टाइम कम किया।

## हॉलीवुड मसाला




### लोकी के रूप में लौट रहे हैं टॉम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'एवेंजर्स डूम्सडे' की जब से घोषणा हुई है, तभी से फैंस इस फिल्म की नई जानकारी के लिए उत्सुक रहते हैं। एक खबर के मुताबिक, टॉम हिडलेस्टन ने आखिरकार पुष्टि कर दी है कि वह एवेंजर्स: डूम्सडे में लोकी के रूप में लौट रहे हैं। प्रशंसक इसलिए भी लोकी की वापसी से खुश हैं, क्योंकि उन्हें एवेंजर्स: इन्फिनिटी वॉर की शुरुआत में ही मार दिया गया था। टिकटॉक स्टार मैक्स बैलेगडे के साथ एक इंटरव्यू में टॉम हिडलेस्टन ने कहा, "लोकी का किरदार निभाना मेरे जीवन का खास हिस्सा रहा है।



### ऑस्कर विजेता मार्विन लेवी ने ली अंतिम सांस

**हालीवुड।** मार्विन लेवी का 96 की उम्र में निधन हो गया है। मार्विन ने निर्देशक स्पीलबर्ग की ईटी द एक्स्ट्रा-टेरेस्ट्रियल, जुरासिक पार्क, शिंडलर्स लिस्ट, लिंकन जैसी फिल्मों के साथ सफलता दिलाने में मदद की। यह सभी फिल्में इंडस्ट्री में सबसे सम्मानित मार्केटिंग पेशेवरों में से एक रहीं। मार्विन लेवी ऑस्कर विजेता प्राप्त करने वाले एकमात्र पीआर प्रतिनिधि थे। मार्विन ने तकरीबन पांच सालों तक हॉलिवुड निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग के प्रचारक और सलाहकार का पद संभाला। वह स्पीलबर्ग की फिल्म निर्माण कंपनी एंबलिन एंटरटेनमेंट के प्रचारक थे। स्पीलवर्ग ने कहा, 'मार्विन का जाना मेरे और इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा नुकरसान है। वैसे तो यहां पर कई मीडिया अधिकारी हैं, लेकिन मार्विन जैसा कोई नहीं। मार्विन ने 50 से ज्यादा सालों तक सहयोग किया।



## 'ज्वेल थीफ' का नया गाना रिलीज...

**मुंबई।** सैफ अली खान जल्द ही 'ज्वेल थीफ' फिल्म से नेटफ्लिक्स पर लौट रहे हैं। इस बार वह इस फिल्म में एक लुटेरा बन कर आ रहे हैं। 'ज्वेल थीफ' का निर्देशन कूकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल ने किया है। फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'ज्वेल थीफ' 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का पहला लुक फरवरी में जारी किया गया था। नेटफ्लिक्स ने समय-समय पर फिल्म के बारे में अपडेट दी हैं, ताकि इस पर चर्चा होती रहे। अब फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना जारी किया है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के गाने के रिलीज के बारे में मंगलवार को ही बताया था। इसके बाद आज 'ज्वेल थीफ' का गाना 'जादू' रिलीज हुआ है। गाने को यूट्यूब पर देखा जा सकता है।




## 'कृष-4' में ट्रिपल रोल अदा करेंगे ऋतिक

**मुंबई।** ऋतिक रोशन 'कृष 4' में ट्रिपल रोल अदा करेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में प्रीति जिंटा, रेखा और विवेक ओबेरॉय भी इस फिल्म में अदाकारी करते हुए नजर आएंगे। बताया जाता है कि फिल्म में भूतकाल और भविष्यकाल भी दिखाया जाएगा, ताकि दर्शकों को कहानी समझ में आए। फिल्म में नई तकनीकि के इस्तेमाल किए जाने की उम्मीद है। हालांकि, फिल्म रिश्तों और भावनाओं पर ही आधारित होगी। काफी समय से इस बात पर चर्चा हो रही थी कि कृष फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म का निर्देशन कौन करेगा। इस पहेली से राकेश रोशन ने पर्दा उठा दिया है। उन्होंने बताया कि 'कृष 4' का निर्देशन खुद ऋतिक रोशन करेंगे। राकेश रोशन ने इंटाग्राम पर एक तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा 'दुग्गू 25 साल पहले मैंने तुम्हें एक अभिनेता के तौर पर लॉन्च किया था।

## टीवी मसाला

### कपिल के ट्रांसफॉर्मेशन पर हैरान हुए फैंस...

**नई दिल्ली।** मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह पहले से काफी पतले और फिट नजर आ रहे हैं। कपिल ने अपना वजन कम करके सबको चौंका दिया है। उनका यह नया लुक देखकर फैंस हैरानी जता रहे हैं और जमकर तारीफ कर रहे हैं। कपिल शर्मा अपनी कॉमिक टाइमिंग और मजेदार अंदाज के लिए जाने जाते हैं। अब उन्होंने इस बार अपने शारीरिक बदलाव से लोगों का ध्यान खींचा है। वीडियो में वह स्लिम और ट्रिम अवतार में दिख रहे हैं, जो उनके पुराने लुक से बिल्कुल अलग है। अब कपिल के इस नए लुक पर फैंस मजेदार टिप्पणियां कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो के बाद फैंस अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, '20 साल का कपिल शर्मा वापस आ गया है।' वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा, 'आप कड़ी मेहनत मेहनत करने के लिए एक उदाहरण बन चुके हो।' अन्य यूजर ने लिखा, 'आप तो बिल्कुल फिट नजर आ रहे हो।' एक यूजर ने लिखा, 'कपिल कितने पतले हो गए हैं, कोई नई फिल्म कर रहे हैं क्या?' एक ने लिखा, 'कपिल तो दुबले नजर आ रहे हैं, लेकिन अच्छे लग रहे हैं।' हालांकि, कुछ यूजर्स ने कपिल के नए लुक पर हैरानी जताते हुए उनसे कई सवाल भी पूछे। एक यूजर ने कहा कि आप पहले ही अच्छे लगते थे, आपने इतना वजन कम क्यों किया है? वहीं, एक यूजर ने कहा, 'कुछ ज्यादा ही वजन कम हो गया है।' एक यूजर ने कहा कि गजब का ट्रांसफॉर्मेशन है, लेकिन आपने यह क्यों किया है?



### सितारों से सजेगा 'खतरों के खिलाड़ी' का नया सीजन

**नई दिल्ली।** रियलटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के नए सीजन का इंतजार सभी को बड़ी बेसब्री है। अब इसके 15वें सीजन को लेकर बड़ी अपडेट सामने आ रही है। शो के मेकर्स ने कई सितारों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। कुछ ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। 'कुमकुम भाग्य' सीरियल के अभिनेता बसीर अली के बारे में ये जानकारी सामने आ रही थी कि उन्हें शो का हिस्सा बनने के लिए ऑफर दिया गया था। अब अभिनेता ने इन खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनसे शो के लिए किसी ने संपर्क नहीं किया। आपको बताते चलें कि बसीर अली एकता कपूर के शो 'कुमकुम भाग्य' में अद्रिजा रॉय और पारस कलनावत के साथ मुख्य भूमिका में नजर आए। 'खतरों के खिलाड़ी' शो के 15वें सीजन के लिए कई खबरे मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए सामने आ रही हैं। इस शो में एल्विश यादव के भी शामिल होने की बातें चल रही हैं।



## *कभी सिंगर तो कभी एक्टर बनने की कोशिश की डायरेक्टर बने तो हिंदी सिनेमा को दिया पहला सुपरस्टार*



*__नई दिल्ली।__ शक्ति सामंत बॉलीवुड के बड़े निर्देशकों में गिने जाते हैं। एक अध्यापक से लेकर निर्देशक बनने तक का उनका सफर संघर्ष भरा रहा है। उन्होंने बॉलीवुड को एक नया ट्रेंड दिया। अपनी मेहनत की बदौलत वह बॉलीवुड के उस स्थान पर पहुंचे जहां पहुंचने का निर्देशकों का सपना होता है। उन्होंने हिंदी सिनेमा के दिग्गज शम्मी कपूर, शर्मिला टैगोर और राजेश खन्ना जैसे कलाकारों के साथ काम किया।*

***बॉलीवुड को दीं बेहतरीन फिल्में :*** *बॉलीवुड के बेहतरीन निर्देशक शक्ति सामंत ने भारतीय सिनेमा को 'आवाज', 'अनुराग' और 'अमर प्रेम' जैसी बेहतरीन फिल्में दी हैं। उनकी मेहनत की वजह से ही उन्हें 'आराधना' और 'अमानुष' जैसी फिल्मों के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड से नवाजा गया। शक्ति सामंत ब्रिटिश इंडिया के बंगाल प्रेसीडेंसी में 13 जनवरी 1926 को पैदा हुए। तालीम हासिल करने के लिए वह अपने चाचा के साथ उत्तराखंड चले आए। उनकी शुरुआती पढ़ाई देहरादून में हुई। इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए दोबारा पश्चिम बंगाल चले आए। 1944 में उन्होंने कलकत्ता यूनिवर्सिटी से स्नातक की उपाधि हासिल की।*

***बनना चाहते थे सिंगर और एक्टर :*** *शिक्षा हासिल करने के बाद शक्ति सामंत ने बॉलीवुड का एक्टर बनने का सपना देखा। इसलिए, वह बॉम्बे के करीब के इलाके दापोली पहुंचे। यहां उन्होंने एक शिक्षक की नौकरी कर ली। यह जगह मुंबई से 200 किलोमीटर दूर थी। हालांकि, इससे पहले वह एक गायक बनना चाहते थे। 1947 में वह शक्ति बर्मन के पास ऑडिशन के लिए भी गए। बर्मन ने उन्हें एक कोरस गाने में गाने का ऑफर दिया।*

***सहायक निर्देशक तौर पर किया काम :*** *शक्ति सामंत का गायकी की तरफ मन नहीं लगा। इसलिए, उन्होंने निर्देशन की तरफ रुख किया। उन्होंने 1948 में सतीश निगम के साथ सहायक निर्देशक के तौर पर काम करना शुरू किया। उन्होंने राज कपूर की फिल्म 'सुनहरे दिन' में सहायक निर्देशक की भूमिका निभाई। इसके बाद उन्होंने निर्देशक ज्ञान मुखर्जी और फानी मजूमदार के साथ काम किया। इस दौरान उन्होंने 'तमाशा' और 'धोबी डॉक्टर' जैसी फिल्मों में काम किया।*

***अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई :*** *बतौर निर्देशक शक्ति सामंत ने 1954 में 'बहू' फिल्म का निर्देशन किया। इसके बाद इन्होंने बॉलीवुड को 'इंस्पेक्टर', 'डिटेक्टिव' और 'हिल स्टेशन' जैसी फिल्में दीं। 1957 आते-आते वह इतना कामयाब हो गए कि उन्हेंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी 'शक्ति फिल्म्स' की शुरुआत कर दी। इस बैनर तले उन्होंने सबसे पहली फिल्म 'हावड़ा ब्रिज' बनाई। यह फिल्म हिट रही। यह उनके कॅरियर का टर्निंग पॉइंट था। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

## लंदन के 'सीन्स इन द स्क्वायर' में लगेगा शाहरुख-काजोल का स्टैच्यू

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी शाहरुख खान और काजोल की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के नाम एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। डीडीएलजे अब लीसेस्टर स्क्वायर लंदन में स्थापित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन जाएगी, जिससे जुड़ा स्टैच्यू यहां लगेगा। शाहरुख और काजोल का फिल्म के एक सीन का स्टैच्यू 'सीन्स इन द स्क्वायर' में लगेगा। इसकी घोषणा हार्ट ऑफ लंदन बिजनेस अलायंस ने की। लीसेस्टर स्क्वायर में 'सीन्स इन द स्क्वायर' मूवी ट्रेल में अब डीडीएलजे के रूप में एक नई प्रतिमा लगेगी। यह हिंदी सिनेमा की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म के 30 साल पूरे होने के जश्न की शुरुआत होगी। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्देशित पहली फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के नाम पहले से भी कई रिकॉर्ड और अवॉर्ड हैं। इस नए स्टैच्यू में फिल्म के प्रमुख कलाकार शाहरुख खान और काजोल की डीडीएलजे के एक सीन को दिखाती हुई कांस्य की प्रतिमा लगाई जाएगी। इस स्टैच्यू का अनावरण इस साल वसंत में 20 अक्टूबर को फिल्म के 30 साल पूरे होने से कुछ महीने पहले होगा। फिल्म को यह उपलब्धि मिलना ये दर्शाता है कि ब्रिटिश साउथ एशियाई लोगों में 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' कितनी प्रसिद्ध है।



### 1971 में 'गुड्डी' से किया डेब्यू, जया बच्चन से जुड़े ये दिलचस्प किस्से

# टुकरा दी बासु चटर्जी की फिल्म, 17 साल रहीं फिल्मों से दूर

*__नई दिल्ली।__ अभिनेत्री जया बच्चन ने साल 1971 में फिल्म 'गुड्डी' से डेब्यू किया। तब वे जया भादुड़ी हुआ करती थीं। जया बच्चन सिनेमा की दुनिया में कई यादगार फिल्मों का हिस्सा रहीं। आज के दौर में वे अपने सख्त व्यवहार के लिए जानी जाती हैं। अक्सर वे लोगों, मीडिया और फैंस पर नाराजगी जताती दिखाई देती हैं। मगर, जया बच्चन शुरुआत से ही अपनी फिल्मों और अन्य कार्यों के मामलो में अपने निर्णयों को लेकर काफी स्पष्ट रही हैं। वे राजनीति में भी सक्रिय हैं और समाजवादी पार्टी से राज्यसभा सांसद हैं। 9 अप्रैल को जया बच्चन ने अपना जन्मदिन मनाया।*

***15 की उम्र में शुरू की अदाकारी :*** जया बच्चन का जन्म 9 अप्रैल 1948 को मध्य प्रदेश के जबलपुर में हुआ। जया बच्चन ने महज 15 साल की उम्र में अभिनय पारी शुरू कर दी थी। उन्होंने निर्देशक सत्यजीत रे की बंगाली फिल्म 'महानगर' (1963) में सहायक अभिनेत्री की भूमिका निभाई। उन्होंने इसके बाद दो और बंगाली फिल्में कीं। फिर 'गुड्डी' से बॉलीवुड में दस्तक दी।

***एफटीआईआई में गोल्ड मेडलिस्ट रहीं :*** जया बच्चन पढ़ाई में अव्वल रहीं। उन्होंने अभिनय की बाकायदा पढ़ाई की है। सत्यजीत रे के साथ काम करते हुए ही जया ने पुणे में फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) ज्वाइन किया। वहां गोल्ड मेडल के साथ वे पास हुईं।



***बासु चटर्जी ने नहीं की थी प्रतीक्षा :*** जया बच्चन जब इंस्टीट्यूट में पढ़ रही थीं तभी बासु चटर्जी अपनी फिल्म में काम करने के लिए उनसे बात करने आए थे। चटर्जी से जया ने कहा था कि कोर्स पूरा करने से पहले कोई भी छात्र फिल्म में काम नहीं कर सकता, ऐसा नियम है। तब चटर्जी ने जया से कहा था कि उनके जैसी कलाकार के लिए इंस्टीट्यूट की पढ़ाई का कोई महत्व नहीं है। छोड़ दो कोर्स। लेकिन, जया ने ऐसा नहीं किया था। बासु चटर्जी ने भी उनकी प्रतीक्षा नहीं की थी।

***इस एक्टर का किया नामकरण :*** जब जया बच्चन फिल्म इंस्टीट्यूट में पहुंची तब शत्रुघन सिन्हा उनके सीनियर थे। वहीं, डैनी उनके जूनियर। पहली बार में ही उन्हें मेरिट स्कॉलरशिप मिल गई। पहली छात्रवृत्ति जया और दूसरी डैनी को। दिलचस्प बात यह है कि डैनी का असली नाम 'शेरिंग फैंटसो' था।

***बढ़ी बिग बी से करीबी :*** जिन दिनों जया बच्चन पुणे में पढ़ाई कर रही थीं तो उसी दौरान अमिताभ बच्चन अपनी पहली फिल्म 'सात हिंदुस्तानी' के लिए आए। जया बच्चन उन्हें पहचानती थीं। जया बच्चन की सहेलियां अमिताभ को लंबू-लंबू कहकर चिढ़ा रही थीं, लेकिन जया ने उन्हें संजीदगी से लिया। उनके मन में उस समय अमिताभ बच्चन की छवि, हरिवंशराय बच्चन के संस्कारी और सादगी पसंद बेटे की थी। ऋषिकेश मुखर्जी ने अपनी फिल्म 'गुड्डी' के लिए पहले जया भादुड़ी के साथ अमिताभ बच्चन को कॉस्ट किया था। बाद में अमिताभ बच्चन को इस फिल्म से निकाल दिया गया। फिल्म इंडस्ट्री के जानकार मानते हैं कि अमिताभ के लिए जया के मन में एक तरह का प्रेम या सहानुभूति इसी घटना के बाद हुई थी।

***प्रेग्नेंसी में किया काम :*** करीना कपूर से लेकर दीपिका पादुकोण तक, तमाम अभिनेत्रियों ने प्रेग्नेंसी में काम किया है और इसके चलते वे चर्चा में रही हैं। मगर, इस लिस्ट में जया बच्चन का नाम भी शामिल है। शादी के बाद भी जया फिल्में करती रहीं। 'शोले' फिल्म के दौरान जया मां बनने वाली थीं। इस फिल्म के रिलीज होने के बाद जया ने श्वेता को जन्म दिया। उन्होंने प्रेग्नेंसी के दौरान फिल्म की शूटिंग की।

**अमिताभ और रेखा के साथ की सिलसिला फिल्म :** हालांकि, मां बनने के बाद जया बच्चन फिल्मों से दूर हो गईं। फिल्मों से दूर रहने का फैसला बच्चन परिवार का सामूहिक फैसला था। साल 1981 में जया बच्चन ने अमिताभ और रेखा के साथ सिलसिला फिल्म की। इस फिल्म के बाद जया ने फिल्मों दूरी बना ली। इस फिल्म के रिलीज होने के 17 साल बाद वह 'हजार चौरासी की मां' फिल्म में नजर आईं।

***जया की टिप्पणी पर बिग बी को मांगनी पड़ी थी माफी :*** *साल 2008 में 'द्रोणा' फिल्म के प्रमोशन के दौरान प्रियंका चोपड़ा हिंदी में बात कर रही थीं। इस दौरान जया बच्चन ने प्रियंका का हौसला बढ़ाते हुए कहा 'हम यूपी के लोग हैं इसीलिए हिंदी में बात करें, महाराष्ट्र के लोग माफ कीजिए'। उनके इस बयान पर राज ठाकरे नाराज हो गए। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि अगर वो माफी नहीं मांगेंगी तो बच्चन की सभी फिल्मों को बैन किया जाएगा। जया ने माफी नहीं मांगी तो अमिताभ की फिल्म 'द लास्ट लियर' की रिलीज के बाद थिएटर में तोड़-फोड़ की जाने लगी। आखिर अमिताभ बच्चन ने जया के बदले माफी मांगी थी।*

10 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 4/10/2025 10:22 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव पर संकट निवारण मनोकामना दीप आज होगा प्रज्जवलित



**जांजगीर-चांपा।** श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस के सामने जांजगीर में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव मनाने की तैयारी की पुर्ण हो गई है। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव दो दिवसीय शुक्रवार 11 अप्रैल से शनिवार 12 अप्रैल तक मनाया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव पर शुक्रवार 11 अप्रैल को सायंकाल 7 बजकर 43 मिनट पर दीप प्रज्वलन किया जाएगा। शनिवार 12 अप्रैल को प्रातकाल 4 बजे हनुमानजी का जन्म समय विषेश पुजन, गंगा स्नान, सेन्दुराभिषेक, महाआरती 12 बजे भोग अर्पण, 3 बजे बजरंगबली कीर्तन मंडलीचदनियां पारा जांजगीर के द्वारा सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाएगा। अपरान्ह 3 बजे से ही हनुमान जी को खीर प्रसाद अर्पण कर वितरण किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव संकट निवारण मनोकामना दीपदान का कार्यक्रम हनुमान जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष तीन खन्ड में हनुमान जी को दीपदान दिया जाता है। दीप दान देने का आज अतिम दिवस है। शनिवार शाय 6:30 बजे सेन्दुराभिषेक, 7 बजे हनुमान जी की महा आरती भव्य आतिशबाजी के साथ की जाएगा। 9 बजे से हवन सुन्दरकाण्ड के प्रत्येक चौपाई के साथ आहूति हनुमान चालिसा के प्रत्येक चैपाई के पर आहुति के साथ हवन होगा। हनुमान मंदिर का पट 11 एवं 12 अप्रैल को खुला रहेगा।

### डभराखुर्द में अखंड रामायण पाठ आज से

**बिर्रा।** डभराखुर्द स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम डभराखुर्द में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में शुक्रवार 11 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में ग्राम डभराखुर्द निवासी सुदामा प्रसाद चंद्रा एवं दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी अंकुर कुमार वैष्णव ने बताया कि मंदिर में शुक्रवार 11 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन रखा गया है। यह अखंड पाठ लगातार 24 घंटा चलेगा। हनुमान जी पर रोठ प्रसाद भी चढ़ाया जाएगा । उसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। दूसरे दिन शनिवार 12 अप्रैल को मंदिर में शांति के लिए हवन कार्यक्रम भी होगा। सभी भक्तों से उपस्थित होने का अपील किया गया है।

समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों की ली जानकारी, विभागवार पृथक कर निराकरण के दिए निर्देश

# संभाग आयुक्त ने ग्राम पंचायत अमरताल में किया सुशासन तिहार शिविर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सुशासन तिहार के तहत 11 अप्रैल तक जिले के सभी नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत में समाधान पेटी स्थापित की गई है, जिसमें आम नागरिक अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन डाल सकते हैं। संभागायुक्त बिलासपुर महादेव कावरे ने गुरुवार 10 अप्रैल को ग्राम पंचायत अमरताल में शिविर का निरीक्षण किया।

संभागायुक्त श्री कावरे ने ग्राम पंचायत अमरताल में समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली एवं विभागवार पृथक कर निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से चर्चा कर मांगों और समस्याओं की जानकारी ली एवं अधिक से अधिक लोगों को आवेदन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सुशासन तिहार को सफल बनाने हेतु समर्पण भाव से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों को आवेदन देने के लिए किसी प्रकार का दिक्कत न हो इसका ध्यान रखा जाए एवं आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही अधिक से अधिक मुनादी एवं प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, एसडीएम अकलतरा विक्रांत अंचल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान आवेदनों की जानकारी लेते संभागायुक्त श्री कांवरे।

### जिला शिक्षा अधिकारी पहुंचे रेड़ा, कर्मचारियों को किया निर्देशित



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार में जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती एन के चंद्रा ग्राम पंचायत रेड़ा पहुंचे। वहां उपस्थित कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणजनों आवेदन लिया जा रहा था। ग्राम पंचायत में सुशासन तिहार से संबंधित मुनादी ग्राम कोटवार द्वारा कर दी गई थी एवं रोजगार सहायक द्वारा ग्रामीणों से संपर्क कर आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दे रहे थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रत्येक विषय पर अलग-अलग आवेदन लेने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया। जिला शिक्षा अधिकारी शासकीय प्राथमिक शाला बालक खैरा एवं शासकीय प्राथमिक शाला रेड़ा का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। प्राथमिक शाला खैरा के प्रधान पाठक भानु प्रताप उइके बिना आवेदन सूचना के तीन दिवस से अनुपस्थित थे। स्थानीय निवासी एवं उपस्थित शिक्षकों ने बताया कि प्रधान पाठक शराब का सेवन करके मनमर्जी से स्कूल आते जाते हैं एवं बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर कोई ध्यान नहीं देते है, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला खैरा के प्रधान पाठक श्री भानु प्रताप उइके को तत्काल प्रभाव निलंबित करने के निर्देश दिए।

# योग ध्यान से अनेक बीमारियों से पाया जा सकता है छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा शारदा मंदिर परिसर में 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ महिला जिला प्रभारी श्रीमति मनीषा गोपाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

योग शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा योग का अर्थ ही है जोड़ना करे योग रहे निरोग सुबह योग कर लेने से दिन भर शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है।योग ध्यान से अनेकों बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है । योग शिविर का संचालन जिला महामंत्री श्रीमती चमेली साहू ने किया। आगे बताया गया कि 25 दिवसीय योग प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने जीवन में एक नया बदलाव ला सकते हैं आप योग शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर का लाभ उठाएं।यह योग प्रशिक्षण पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के निर्देश पर निशुल्क आयोजित है। ऐसे साथी जो रोज शिविर स्थल में नहीं आ सकते और योग करना चाहते है वे गूगल मीट से आनलाइन जुड़ कर योग कर सकते है। शिविर के दौरान आनलाइन सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस दौरान योग साधिका श्रीमति चंद्र किरण सोनी, श्रीमती शारदा साहू , विभा उपाध्याय, पुष्पा गुप्ता, दीप श्री साहू ,सीमा तिवारी, सरोजनी साहू, पूजा गुप्ता सहित अधिकाधिक ने शिविर स्थल में योग कर लाभान्वित हुए। योग प्रशिक्षण प्रत्येक दिवस अपने निर्धारित समय में सुबह और शाम होगी।

- 25 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ




## नपा ने नहीं सुनी फरियाद तो सेवानिवृत शिक्षक ने कराई नाली मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के आजाद चौक वार्ड क्रमांक 14 निवासी सेवानिवृत शिक्षक के द्वारा नाली की सफाई एवं मरम्मत के लिए नगर पालिका में आवेदन दिया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर मजबूर होकर सेवानिवृत शिक्षक के द्वारा स्वयं के खर्चे पर नाली मरम्मत एवं सफाई का कार्य कराना पड़ा। इस संबंध में यह जानकारी मिली कि नगर के वार्ड क्रमांक 14 आजाद चौक निवासी सेवानिवृत शिक्षक बलराज सिंह बैस के घर के सामने नगर पालिका द्वारा निर्मित नाली कई वर्षों से जाम होने के चलते उनके घर से पानी का निकास नहीं हो रहा था। बलराज सिंह बैस के द्वारा नगर पालिका में नाली की सफाई एवं मरम्मत कार्य को लेकर कई बार आवेदन दिया जा चुका है उसके बाद भी नगर पालिका के द्वारा नाली की सफाई एवं मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। बलराज सिंह बैस एवं अभिनव सिंह बैस ने बताया कि उनके द्वारा नगर पालिका में संपत्ति कर, समेकित कर ,जल कर सहित समस्त देयक कर का भुगतान निर्धारित समय पर किया जा चुका है उसके बावजूद नगर पालिका से नाली की सफाई एवं मरम्मत कार्य जैसी की सुविधा नहीं मिल पा रही है एवं मजबूर होकर स्वयं की राशि खर्च करके नाली मरम्मत एवं सफाई कार्य करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि नगरीय निकायों का गठन ही नगर वासियों को सड़क, पानी, नाली ,बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करने के लिए ही किया गया है ऐसे में यदि नगर वासियों को नाली सफाई जैसी मूलभूत कार्य के लिए स्वयं का जेब ढीला करना पड़े तो ऐसे में निकायों के अस्तित्व पर सवालिया निशान लगता है।



नाली मरम्मत कराते सेवानिवृत्त शिक्षक।

### मांगों एवं शिकायतों के 4580 आवेदन हुए प्राप्त

**मालखरौदा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप 8 से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जनपद अंतर्गत 81 ग्राम पंचायत में मांग एवं शिकायतों के 4580 आवेदन प्राप्त हो चुके है। राज्य व्यापी सुशासन तिहार में गांव-गांव में लोग अपनी मांगों एवं शिकायतों को लेकर गांव के पंचायत भवन में पहुंच रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री आवास, फौती, नामांतरण, बटवारा, स्कूल, आंगनबाड़ी, भवन, नाली, भूमिहीन जैसे अनेक योजनाओं के संबंध में आवेदन दे रहे हैं। जनपद अंतर्गत आने वाले 81 ग्राम पंचायत में 9 अप्रैल तक 4534 मांग से संबंधित तो 46 शिकायत कुल मिलाकर 4580 आवेदन आवेदन प्राप्त हुए हैं।

